glossaries ALIVE
BRINGING HINDI WORDS TO LIFE
WITH PRACTICE IN PRONUNCIATION & CONTEXTUAL USAGE

# Glossary 13

Neha Ladha & Rupert Snell | 29m38s

strange, odd
अजीब

It's a rather odd story.
यह अजीब कहानी है ।

strangely
अजीब तरीक़े से

He speaks strangely.
वह अजीब तरीक़े से बोलता है ।

discord
अनबन

There should be no discord between us.
हमारे बीच में कोई अनबन नहीं होनी चाहिए ।

practice
अभ्यास

speaking practice
बोलने का अभ्यास

I want to practice speaking Hindi.
मैं हिंदी बोलने का अभ्यास करना चाहती हूँ ।

You should practice speaking Hindi everyday.
तुम्हें हिंदी बोलने का अभ्यास हर रोज़ करना चाहिए ।

fire
आग

The house caught fire.
घर में आग लग गयी ।

If fire breaks out, run.
आग लग जाए तो भागो ।

You should keep away from fire.
तुम्हें आग से दूर रहना चाहिए ।

Children should keep away from fire.
बच्चों को आग से दूर रहना चाहिए ।

later, ahead (in time)
आगे

What will happen later?
आगे क्या होगा ?

Let us move on now.
अब आगे बढ़ते हैं ।

in future, from now on
आगे चलकर

In future I won't do this.
आगे चलकर मैं यह नहीं करूँगी ।

In future you should be more careful.
तुम्हें आगे चलकर सावधान रहना चाहिए ।

to be called
कहलाना

People who steal are called thieves.
जो लोग चुराते हैं वे चोर कहलाते हैं ।

fate
क़िस्मत

It is a matter of fate.
क़िस्मत की बात है ।

good fortune
अच्छी क़िस्मत

It is my good fortune that you are helping me.
मेरी अच्छी क़िस्मत है कि आप मेरी मदद कर रहे हैं ।

It is not written in my fate for me to be well-off.
मेरी क़िस्मत में नहीं लिखा कि मैं अमीर बनूँगी ।

because of
की वजह से

because of this
इसकी वजह से

reason, cause
वजह

Questions? Comments? Email **glossaries@hindiurduflagship.org** or visit **glossaries.hindiurduflagship.org**
© Hindi Urdu Flagship, The University of Texas at Austin

because of the weather
मौसम की वजह से

Because of the weather we had to stay at home.
मौसम की वजह से हमें घर रहना पड़ा

because of you
तुम्हारी वजह से

because of them
उनकी वजह से

for any reason at all
किसी भी वजह से

corner
कोना

the corner of the room
कमरे का कोना

in the corner of the room
कमरे के कोने में

The boy who is standing in the corner.
वह लड़का जो कोने में खड़ा है।

the corner I am standing in
जिस कोने में मैं खड़ी हूँ

You should not sit in the corner.
तुम्हें कोने में नहीं बैठना चाहिए।

a teacher
गुरु

Are you a teacher?
क्या आप गुरु हैं?

What do you teach?
आप क्या पढ़ाते हैं?

a bell
घंटी

ring the bell
घंटी बजाओ

The bell rings.
घंटी बजती है

When the bell rings the class ends.
जब घंटी बजती है तब कक्षा ख़त्म हो जाती है।

When the bell rings the children run off.
जब घंटी बजती है तो बच्चे भाग जाते हैं।

bullet, tablet
गोली

two bullets
दो गोलियाँ

How many bullets?
कितनी गोलियाँ?

Two bullets hit him.
उसे दो गोलियाँ लगी।

to set off
चल देना

When the bell rang we set off.
जब घंटी बजी तो हम चल दिए।

We set off at 8 o' clock.
हम आठ बजे चल दिए।

She sat in car and set/went off.
वह गाड़ी में बैठकर चल दी।

hurt, injury
चोट

to get injured
चोट लगना

I got hurt in the accident.
मुझे दुर्घटना में चोट लग गयी।

He got badly hurt.
उसे बहुत ज़्यादा चोट लग गयी।

I did not get hurt, not at all.
मुझे बिलकुल चोट नहीं लगी।

If he gets hurt, he'll have to go to the hospital.
अगर उसे चोट लग गयी तो उसे अस्पताल जाना पड़ेगा।

theft, robbery
चोरी

There was a robbery in that street last night.
उस सड़क पर कल रात एक चोरी हुई थी।

You shouldn't talk to the man who stole my money.
जिस आदमी ने मेरा पैसा चुराया, तुम्हें उस व्यक्ति से बात नहीं करनी चाहिए।

People who commit theft often don't get caught.
अकसर जो लोग चोरी करते हैं वे पकड़े नहीं जाते।


© Hindi Urdu Flagship, The University of Texas at Austin

umbrella
छाता

it started raining
बारिश शुरू हुई

It started raining so I put up my umbrella.
जब बारिश होने लगी तब मैंने अपना छाता खोल लिया।

My umbrella got left in the train.
मेरा छाता ट्रेन में छूट गया।

place
जगह

What kind of place?
कैसी जगह?

This kind of place.
ऐसी जगह।

these places
ऐसी जगह

It is a nice place.
अच्छी जगह है।

If I were in your place, I would be worried.
मैं तुम्हारी जगह पर होती तो मुझे चिंता होती।

When something happens.
जब कुछ होता है।

When we meet everything seems good.
जब हम मिलते हैं तब सब ठीक लगता है।

When you are here, she is happy.
जब आप यहाँ होते हैं तो वह खुश होती है।

When he phones I was out.
जब उसने फ़ोन किया तब मैं बाहर थी।

as long as
जब तक

Stay here until I call you.
जब तक मैं तुम्हें न बुलाऊँ तब तक यहीं रहो।

since the time when something happened
जबसे

Since you arrived, everything has worked out right.
जबसे तुम आए हो सब काम ठीक ही हुआ है।

Since you left nothing has worked out right.
जबसे तुम गए हो कोई भी काम ठीक से नहीं हुआ।

adj. young, youthful
n. soldier
जवान

I am still young.
मैं अभी भी जवान हूँ।

I am young but you are old.
मैं जवान हूँ मगर आप बूढ़े हैं।

Their young daughter should be at school.
उनकी जवान बेटी स्कूल में होनी चाहिए।

some soldiers
कुछ जवान

Some soldiers were looking for him.
कुछ जवान उसे ढूँढ रहे थे।

Some soldiers were looking for the man who ran away.
कुछ जवान भागे हुए आदमी को ढूँढ रहे थे।

as soon as
जैसे ही

As soon as she came in your brother ran off.
जैसे ही वह कमरे में आयी वैसे ही तुम्हारा भाई भाग गया।

As soon as I saw you I knew something had happened.
जैसे ही मैंने तुम्हें देखा वैसे ही मुझे पता चल गया कि मुझे कुछ हुआ है।

Call us as soon as the food is ready.
जैसे ही खाना तैयार हो वैसे ही हमें बुला लेना।

who (the one who, the one which)
जो

who
कौन

The man who lives upstairs.
जो आदमी ऊपर रहता है।


© Hindi Urdu Flagship, The University of Texas at Austin

The man who lives upstairs wants to meet you.
जो आदमी ऊपर रहता है वह आपसे मिलना चाहता है।

The book you bought is useless.
जो किताब आप ख़रीद के लाए वह बिलकुल बेकार है।

I couldn't find the book I bought yesterday.
मुझे वह किताब नहीं मिल रही जो मैं कल लेकर आयी थी।

whatever
जो कुछ

whatever I have
जो कुछ मेरे पास है

Whatever I have I will happily give you.
जो कुछ मेरे पास है मैं तुम्हें खुशी-खुशी दे दूँगी।

whoever
जो कोई

Whoever thinks I am lying is wrong.
जो कोई यह सोच रहा है कि मैं झूठ बोल रही हूँ वह ग़लत है।

Whoever thinks I am wrong is lying.
जो कोई यह सोच रहा है कि मैं ग़लत हूँ वह झूठ बोल रहा है।

whoever, whatever
जो भी

whatever you think
जो भी तुम सोचो

whatever you want
जो भी तुम चाहो

whoever comes
जो भी आए

Whatever happens I will never leave you.
जो भी हो मैं तुम्हें कभी नहीं छोड़ूँगी।

ticket, a stamp
टिकट

I need stamps for a letter to London.
मुझे लन्दन की चिठ्ठी के लिए टिकट चाहिए।

Did you buy the tickets?
क्या तुमने टिकट ख़रीदे?

n. cold
ठंड

It is hard to work in this cold.
इस ठंड में काम करना मुश्किल है।

Several people died because of the cold.
ठंड के कारण कई लोग मर गए।

fear
डर

a fear of something
किसी चीज़ का डर

a fear of getting ill
बीमार होने का डर

What are you afraid of?
तुम्हें किस चीज़ का डर है?

to be afraid
डरना

He is not afraid of anything.
वह किसी चीज़ से नहीं डरता।

She is not afraid of anybody.
वह किसी से नहीं डरती।

Don't be afraid, everything will be okay.
डरो मत, सब ठीक हो जाएगा।

a bandit
डाकू

I am afraid of bandits.
मुझे डाकुओं से डर लगता है।

Bandits don't just exist in films.
डाकू केवल फिल्मों में नहीं होते।

Some bandit shot my friend.
किसी डाकू ने मेरे साथी को गोली मार दी।

to throw, to pour (a liquid), to put
डालना

In the Holi festival people throw colors on each other.
होली के त्योहार में लोग एक-दूसरे पर रंग डालते हैं।

Throw him into jail.
उसे जेल में डाल दो।

Throw the bandits into jail.
डाकुओं को जेल में डाल दो।


© Hindi Urdu Flagship, The University of Texas at Austin

Have a glance at this.
इस पर नज़र डालना।

divorce
तलाक़

to become divorced
तलाक़ होना

He got divorced.
उसका तलाक़ हो गया।

Three years after getting married they got divorced.
शादी के तीन साल बाद उनका तलाक़ हो गया।

divorced
तलाक़शुदा

a divorced man
तलाक़शुदा आदमी

a divorced woman
तलाक़शुदा औरत

a lock
ताला

We'll have the break the lock.
हमें ताला तोड़ना पड़ेगा।

The lock seems strong.
ताला काफ़ी मज़बूत लग रहा है।

to lock the door
दरवाज़े पर ताला लगाना

There is no lock on the other door.
दूसरे दरवाज़े पर कोई ताला नहीं है।

to feel at home
दिल लगना

I really feel at home here.
मेरा यहाँ पर दिल लग गया है।

Since you came back I have started feeling at home.
जबसे तुम आए हो तबसे मेरा दिल लगने लगा है।

If you don't feel at home here you should go back.
अगर तुम्हारा यहाँ दिल नहीं लगता तो तुम्हें वापस चले जाना चाहिए।

a gift, a contribution
देन

Ravi Shankar's contribution to the world of music.
संगीत के संसार को रविशंकर की देन।

glance, look
नज़र

I cast a glance over the book.
मैंने किताब पर नज़र डाली।

Keep a eye on the children when I am out.
जब मैं बाहर हूँ तब बच्चों पर नज़र रखना।

evil-eyed one, may your face be black (often painted trucks in India).
बुरी नज़र वाले तेरा मुँह काला।

thirst
प्यास

to feel thirsty
प्यास लगना

Neha I am thirsty, what should I drink?
नेहा मुझे प्यास लगी है, क्या पियूँ ?

You can drink water.
पानी पी लीजिये।

Should I drink just water?
मुझे सिर्फ पानी पीना चाहिए ?

Alright, drink tea.
चलिए चाय पी लीजिये।

But will I get tea in the studio?
लेकिन क्या स्टूडियो में चाय मिल जाएगी ?

Maybe you will get coffee.
कॉफ़ी शायद मिल जाए।

Oh!
अच्छा !

Drink coffee.
कॉफ़ी पी लीजिये।

Are you thirsty?
आपको प्यास लगी है ?

Yes, a little bit.
हाँ, थोड़ी सी।

Then let us drink later.
तो बाद में पी लेते हैं।

leisure, free time
फ़ुरसत


© Hindi Urdu Flagship, The University of Texas at Austin

When we have free time then we will drink.
जब हमारे पास फ़ुरसत है तभी पिएंगे।

Yes, we should drink only then. Right now lets work.
हाँ, तभी पीनी चाहिए। अभी काम कर लेते हैं।

Alright.
ठीक है।

If you have time please help me.
अगर आपके पास फ़ुरसत हो तो मेरी मदद करिएगा।

Do you have free time tomorrow morning?
क्या आपके पास कल सुबह फ़ुरसत है?

What do you do in your free time?
आप अपने फ़ुरसत में क्या करते हैं?

a light
बत्ती

Please turn off the light.
बत्ती बंद कर दीजिए।

How can the lights work when there is no electricity.
बत्ती कैसे काम करेगी जब बिजली ही नहीं है।

If the light goes red you have to stop the car.
बत्ती लाल हो जाए तो गाड़ी रोकनी होती है।

ugly
बदसूरत

He is very ugly.
वह बहुत बदसूरत है।

Is he ugly or beautiful?
वह बदसूरत है या ख़ूबसूरत?

He is not that ugly.
वह इतना बदसूरत नहीं है।

to ruin
बरबाद करना

You have ruined everything.
तुमने सब कुछ बरबाद कर दिया है।

The rain ruined my car.
बारिश ने मेरे बगीचे को बरबाद कर दिया।

The politicians are ruining the country.
देश को नेता-लोग बर्बाद कर रहे हैं।

rain
बारिश

to rain
बारिश होना

It started raining.
बारिश होना शुरू हो गयी।

It has started raining.
बारिश होने लगी है।

It was raining so much that we couldn't go outside.
इतनी बारिश हो रही थी कि हम बाहर नहीं जा पाए।

because of the rain
बारिश की वजह से

Because of the rain there were several accidents.
बारिश की वजह से कई दुर्घटनायें हुई।

poor, wretched, helpless fellow
बेचारा

Poor Ravi, what can he do?
बेचारा रवि, वह क्या कर सकता है?

The poor fellow has nothing.
बेचारे के पास कुछ नहीं है।

My poor sister has to go to London again.
मेरी बेचारी बहन को वापस लन्दन जाना है।

hunger
भूख

hunger and thirst
भूख और प्यास

to feel hungry
भूख लगना

to feel thirsty
प्यास लगना

Neha are you hungry?
नेहा आपको भूख लग रही है?

Yes, a little bit.
हाँ, थोड़ी-बहुत

Then eat something later.
तो बाद में कुछ खाइए


© Hindi Urdu Flagship, The University of Texas at Austin

Alright.
ठीक है।

When I start to feel hungry, I eat a banana.
जब मुझे भूख लगने लगती है तब मैं केला खाती हूँ।

banana
केला

alone
अकेला

Are you alone?
क्या आप अकेले हैं?

Are you a banana?
क्या आप केला है?

If you are hungry you should eat proper food.
अगर तुम्हें भूख लग रही है तो तुम्हें ठीक से खाना चाहिए।

hungry
भूखा

hungry people
भूखे लोग

to feed the hungry
भूखों को खाना खिलाना

to bark
भौंकना

The dog started barking.
कुत्ता भौंकने लगा

All the dogs started barking.
सारे कुत्ते भौंकने लगे

All the dogs started barking when they saw the cat.
सारे कुत्ते बिल्ली को देखकर भौंकने लगे।

He is not a dog but he barks like a dog.
वह कुत्ता नहीं है मगर कुत्ते की तरह भौंकता है।

to feel at home
मन लगना, दिल लगना

Nehaji do you feel at home in Austin?
नेहाजी क्या ऑस्टिन में आपका दिल लगता है?

Yes, absolutely.
हाँजी बिलकुल।

to die
मरना

He died at home.
वह घर पर मर गया।

Both men died.
दोनों आदमी मर गए।

I am afraid of dying.
मुझे मरने से डर लगता है।

polite way of referring to someone's death
का देहांत होना

He died.
उसका देहांत हो गया।

My friend died.
मेरे दोस्त का देहांत हो गया।

to pass away
गुज़रना

My friend passed away.
मेरा दोस्त गुज़र गया है।

to pass away.
चल बसना।

My uncle (mother's brother) died yesterday.
मेरे मामा कल चल बसे।

to get, to find (something)
मिलना

You will find good people in that place.
तुम्हें उस जगह अच्छे लोग मिलेंगे।

What did you get?
तुम्हें क्या मिला?

I did not get anything.
मुझे कुछ नहीं मिला।

He got some money.
उसे कुछ पैसा मिला।

I did not get anything special.
मुझे कुछ विशेष नहीं मिला।

to resemble
मिलना

He resembles/looks like his sister.
वह अपनी बहन से मिलता-जुलता है।

to resemble
मिलना-जुलना


© Hindi Urdu Flagship, The University of Texas at Austin

The two boys resemble each other a lot.
दोनों लड़के एक-दूसरे से बहुत मिलते-जुलते हैं।

together, jointly
मिल-जुलकर

We will all work together.
हम सब मिल-जुलकर काम करेंगे।

If we work together we will finish this quickly.
अगर हम मिल-जुलकर काम करें तो इसे जल्दी ख़त्म कर सकते हैं।

fool
मूर्ख

Poor fool, what does he know.
बेचारा मूर्ख, उसे क्या पता।

Do you think me a fool?
क्या आप मुझे मूर्ख समझते हैं?

He is such a fool he can't understand anything.
वह इतना बड़ा मूर्ख है कि उसे कुछ भी समझ नहीं आता।

He is such a fool he can't understand even the simplest thing.
वह इतना बड़ा मूर्ख है कि उसे आसान से आसान चीज़ समझ नहीं आती।

hardwork, labor
मेहनत

You'll have to do a lot of hardwork.
तुम्हें बहुत मेहनत करनी होगी।

After sometime we began to see the results of our hardwork.
कुछ समय बाद हमें अपनी मेहनत का फल दिखने लगा।

It seems Neha is not afraid of hardwork.
ऐसा लगता है नेहा मेहनत से नहीं डरती।

Do you work hard?
क्या आप मेहनत से काम करते हैं?

everyday
हर रोज़

Do you work hard everyday?
क्या आप हर रोज़ मेहनत से काम करते हैं?

to strike, to appeal (in the sense of being pleasing), to seem, to be attached, to take (time to do something)
लगना

it seems to me
मुझे लगता है

It seems to me that you should apologize to him.
मुझे लगता है कि तुम्हें उससे माफ़ी माँगनी चाहिए।

How does he seem?
वह कैसा लगता है?

How do you like Jaipur?
तुम्हें जयपुर कैसा लगता है?

I like Jaipur a lot.
मुझे जयपुर बहुत अच्छा लगता है।

There is a big clock fixed to the wall.
दीवार पर एक बहुत बड़ी घड़ी लगी है।

It takes a long time to do this.
इसको करने में बहुत समय लगता है।

It takes a long time to forgive someone.
किसी को माफ़ करने में बहुत समय लगता है।

it takes one year
एक साल लगता है

it takes two years
दो साल लगते हैं

it takes two hours
दो घंटे लगते हैं

it takes two and a half hours
ढाई घंटे लगते हैं

It takes three hours to get to Jaipur.
जयपुर पहुँचने में तीन घंटे लगते हैं।

to fight, to quarrel
लड़ना

You shouldn't quarrel with your friends.
तुम्हें अपने दोस्तों से नहीं लड़ना चाहिए।

When the children have to stay inside they start fighting.
जब बच्चों को अन्दर रहना होता है तो वे लड़ने लगते हैं।

envelope
लिफ़ाफ़ा


© Hindi Urdu Flagship, The University of Texas at Austin

two envelopes
दो लिफ़ाफ़े

both the envelopes
दोनों लिफ़ाफ़े

Both the envelopes are too small.
दोनों लिफ़ाफ़े बहुत छोटे हैं ।

a bigger envelope
बड़ा लिफ़ाफ़ा

Have you got a bigger envelope?
क्या आपके पास बड़ा लिफ़ाफ़ा है ?

This envelope is bigger than that one.
यह लिफ़ाफ़ा उस लिफ़ाफ़े से बड़ा है ।

I have put your envelopes on the table.
मैंने आपके लिफ़ाफ़े मेज़ पर रख दिए।

sentence
वाक्य

How many sentences?
कितने वाक्य ?

What kind of sentences?
कैसे वाक्य ?

really long sentences
बहुत लंबे वाक्य

The sentence is long but not difficult.
वाक्य लंबा है मगर मुश्किल नहीं ।

You should practice these sentences.
तुम्हें इन वाक्यों का अभ्यास करना चाहिए ।

Apart from the boy's name the whole sentence is in English.
लड़के के नाम के अलावा पूरा वाक्य अंग्रेजी में था ।

thought, idea, opinion
विचार

In my opinion you should not go out alone.
मेरे विचार में तुम्हें बाहर अकेले नहीं जाना चाहिए ।

But who listens to my opinion.
मगर मेरे विचार कौन सुनता है ।

It is a very good idea, I like it a lot.
बहुत अच्छा विचार है, मुझे बहुत अच्छा लगा ।

subject
विषय

This subject is quite interesting.
यह विषय बहुत दिलचस्प है ।

I know nothing about this subject.
मुझे इस विषय के बारे में कुछ नहीं पता ।

What is the subject of your work?
आपके काम का विषय क्या है ?

What is the subject of your research?
आपके शोध का विषय क्या है ?

marriage, wedding
शादी

We have to go to a wedding in Pune.
हमें पूने एक शादी में जाना है ।

When is the wedding happening?
शादी कब हो रही है ?

Do we have to go to the wedding?
क्या हमें शादी में जाना है ?

My brother is marrying a girl he has known since childhood.
मेरा भाई अपने बचपन की दोस्त से शादी कर रहा है ।

The woman my brother married is from Israel.
जिस औरत से मेरे भाई ने शादी की वह इस्रैल से है ।

Both my brothers got married in the same year.
मेरे दोनों भाइयों की एक ही साल में शादी हुई ।

disciple
शिष्य

teacher and disciple
गुरु और शिष्य

I consider myself his disciple in a way.
मैं अपने-आप को उनका शिष्य मानती हूँ एक तरह से ।

the guru's disciples
गुरु के शिष्य

The guru's disciples all met together.
गुरु के शिष्य सब एक-साथ मिले ।


© Hindi Urdu Flagship, The University of Texas at Austin

The guru's disciples all met when he passed away.
गुरु के सब शिष्य एक-साथ मिले जब वे गुज़र गए ।

advice
सलाह

I need your advice.
मुझे आपकी सलाह चाहिए ।

You should pay attention to my advice.
आपको मेरी सलाह पर ध्यान देना चाहिए ।

You don't need to pay attention to his advice.
आपको उसकी सलाह पर ध्यान देने की कोई ज़रुरत नहीं ।

hero, male film star
हीरो

He wants to be a film hero.
वह फ़िल्म में हीरो बनाना चाहता है ।

from nothing to hero
ज़ीरो से हीरो

Alright Nehaji today's work is done.
अच्छा नेहाजी आज का काम हो गया ।

We both turned out to be heroes.
हम दोनों ही हीरो निकले ।

Many thanks.
बहुत शुक्रिया ।

Many thanks to you too.
आपको भी बहुत-बहुत धन्यवाद ।


© Hindi Urdu Flagship, The University of Texas at Austin